महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2025 / 2990–96 दिनांकः–03.12.2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः– बी0बी0ए0 (पुराना पाठ्क्रम), बी0सी0ए0 (पुराना पाठ्क्रम) बी0लिब0, बी0कॉम (फाइनेन्स / फाइनेन्शियल सर्विसेस), एम0एस0डब्लू0, एम0एस–सी0 गृहविज्ञान, एम0लिब0, पी0जी0डी0सी0ए0, इत्यादि पाठ्यकमों की वर्ष 2025–26 की विषम सेमेस्टर की बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

बी0बी0ए0 (पुराना पाठ्क्रम), बी0सी0ए0 (पुराना पाठ्क्रम), बी0लिब0, बी0कॉम (फाइनेन्स / फाइनेन्शियल सर्विसेस), एम0एस0डब्लू0, एम0एस–सी0 गृहविज्ञान, एम0लिब0, पी0जी0डी0सी0ए0, इत्यादि पाठ्यकमों की वर्ष 2025–26 की विषम सेमेस्टर प्रयोगात्मक परीक्षायें आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षक आमंत्रित कर सम्पन्न करायी जानी है। परीक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2024 / 2302–2309 दिनॉक 15.04.2024 के अनुसार समस्त प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी जानी है। समस्त सम्बन्धित संकाय दिनॉक 06.12.2025 से 16.01.2026 तक प्रत्येक दशा में समस्त प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न करा लें, किसी भी स्थिति में तिथि समाप्ति के पश्चात अंकों को ऑनलाइन स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं वेवसाइट बन्द कर दी जायेगी। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देशों का पालन भी सुनिश्चित किया जाना हैः–

1. प्रत्येक संकाय द्वारा अंकपर्ण की दो प्रति तैयार की जायेंगी तथा उनकी हार्ड कॉपी संकाय में ही सुरक्षित रखी जायेंगी, अंक केवल ऑनलाइन प्रकिया के माध्यम से ही स्वीकार्य होगें। आवश्यकता पड़ने पर संकाय को सम्बन्धित अंकपर्ण की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी। उन्हें किसी भी माध्यम से विश्वविद्यालय कार्यालय प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नहीं हैं।
2. सभी प्रकार की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकायें चुनौती मूल्यॉकन (Challenge Evaluation) से अच्छादित हैं, अतः प्रयोगात्मक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका सुरक्षित रखी जायें तथा विश्वविद्यालय द्वारा मॉगें जाने पर तत्काल उपलब्ध कराना होगा।
3. परीक्षकों को पूर्व की भॉति नियमानुसार पारिश्रमिक देय होगा।
4. परीक्षा समिति की बैठक दिनॉक 17.12.2008 में लिये गये निर्णयानुसार प्रयोगात्मक परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड पैकेट पृथक से विश्वविद्यालय द्वारा मॉगे जा सकते हैं।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी।
2. उप–कुलसचिव (गोपनीय)।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेवसाइट को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
5. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
6. वै0 सहायक, कुलसचिव।

परीक्षा नियंत्रक